WORLD खबर EXPRESS
WORLD खबर एक्सप्रेस
गुरुवार 05 जनवरी 2023 | अंक - 352
www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com

# सीएसए में 57 दैनिक श्रमिकों का हुआ विनियमितीकरण







कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह ने नेक पहल की है। आज नववर्ष के उपलक्ष पर विश्वविद्यालय की ओर से 57 दैनिक श्रमिकों का विनियमितीकरण किया है। आज विश्वविद्यालय के 57 दैनिक श्रमिकों का चतुर्थ श्रेणी के पदों पर विनियमितीकरण हेतु कुलपति ने पत्र दिए हैं। विश्वविद्यालय के संपत्ति एवं प्रशासनिक अधिकारी मानवेंद्र सिंह के मुताबिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डी.आर.सिंह के विशेष प्रयास की पहल पर 57 दैनिक श्रमिकों को विनियमितीकरण किया है। जिससे विश्वविद्यालय कर्मियों के परिवार को संबल मिले और अपने परिवार का सही ढंग से पालन पोषण कर सकें। नियुक्ति पत्र देने के उपरांत कुलपति ने सभी विनियमितीकरण कार्मिकों को संबोधित किया और उन्हें नए विचारों, नई अवधारणाओं और दृष्टिकोण को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा अपने वरिष्ठों की सहभागिता के महत्व पर जोर देते हुए कुलपति ने कार्मिकों को सुझाव दिया कि वे सर्वश्रेष्ठ अनुभवों को आत्मसात करें। इस अवसर पर कुलपति ने उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। कुलपति ने कहा कि आपकी सफलता विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर निदेशक प्रसार डॉक्टर ए के सिंह, निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग डॉ नौशाद खान एवं मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएसए में नव वर्ष पर श्रमिकों का हुआ विनियमितीकरण





डी टी एन एन। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह ने नेक पहल की है। आज नववर्ष के उपलक्ष पर विश्वविद्यालय की ओर से 57 दैनिक श्रमिकों का विनियमितीकरण किया है। आज विश्वविद्यालय के 57 दैनिक श्रमिकों का चतुर्थ श्रेणी के पदों पर विनियमितीकरण हेतु कुलपति ने पत्र दिए हैं। विश्वविद्यालय के संपत्ति एवं प्रशासनिक अधिकारी मानवेंद्र सिंह के मुताबिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह के विशेष प्रयास की पहल पर 57 दैनिक श्रमिकों को विनियमितीकरण किया है। जिससे विश्वविद्यालय कर्मियों के परिवार को संबल मिले और अपने परिवार का सही ढंग से पालन पोषण कर सकें। नियुक्ति पत्र देने के उपरांत कुलपति ने सभी विनियमितीकरण कार्मिकों को संबोधित किया और उन्हें नए विचारों, नई अवधारणाओं और दृष्टिकोण को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा अपने वरिष्ठों की सहभागिता के महत्व पर जोर देते हुए कुलपति ने कार्मिकों को सुझाव दिया कि वे सर्वश्रेष्ठ अनुभवों को आत्मसात करें। इस अवसर पर कुलपति ने उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। कुलपति ने कहा कि आपकी सफलता विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर निदेशक प्रसार डॉक्टर ए के सिंह , निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग डॉ नौशाद खान एवं मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



UPHIN 47963

# प्रगति प्रभात

कानपुर

शुक्रवार, 06 जनवरी 2023

## चंद्रशेखर कृषक समिति ने किया कुलपति का अभिनंदन

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह का प्रसार निदेशालय के सभागार में चंद्रशेखर कृषक समिति द्वारा अभिनंदन समारोह किया गया। इस अवसर पर कानपुर सहित अन्य जनपदों से आए कृषकों ने कुलपति के गत 3 वर्षों के कार्यकाल को सराहा। कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह ने कहा कि कुलपति ने अपने 3 वर्षों के कार्यकाल के दौरान कृषक हितेषी कई योजनाएं चलाई हैं। जिससे कई किसानों की आय दोगुनी हुई है। इस अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में कृषकों का आभार प्रकट किया और कहा कि विश्वविद्यालय कृषकों एवं छात्र छात्राओं हेतु ही कार्य कर रहा है तथा उनके हितों के लिए सदैव शिक्षक एवं वैज्ञानिक कार्य करते रहेंगे इस अवसर पर सरसौल ब्लॉक प्रमुख डॉ विजय रत्ना तोमर ने प्रत्येक माह की 5 तारीख को हो रही कृषक समिति के किसानों की प्रशंसा की।



कुलपति का स्वागत निदेशक प्रसार डॉक्टर ए के सिंह ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ करम हुसैन, डॉक्टर महक सिंह, डॉक्टर पीके राठी, डॉक्टर सुभाष चंद्रा एवं कृषि विभाग के जहीर अहमद सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय
सहारा
कानपुर • शुक्रवार • 6 जनवरी • 2023

# ...किसानों ने किया कुलपति का अभिनंदन

...पुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि ... के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ...भिनंदन किया गया। इस मौके पर ...नों ने कुलपति के कार्यकाल के तीन ...को सराहा।

...कृषक समिति के अध्यक्ष वावू सिंह ...ा कि कुलपति ने अपने तीन वर्षों के ...काल में अनेक कृषक हितैषी ...एं चलायीं, जिनसे किसानों की ...वढ़ कर दोगुनी तक हो गयी है। ...ति ने कहा कि विश्वविद्यालय के ...क व वैज्ञानिक भविष्य में भी ...नों और छात्रों के हितों में काम करते

...ग़रसौल व्लाक प्रमुख विजय रत्ना ...ने कृषक समिति के किसानों की ... की। इस मौके पर डॉ.एके सिंह, ...एम हुसैन, डॉ.महक सिंह, डॉ.पीके ... डॉ.सुभाष चंद्रा, जहीर अहमद ...थे।

www.jagran.com
दैनिक जागरण 06.01.2023

## एक नजर में



महिला कर्मी को नियुक्ति पत्र देते कुलपति डा.डीआर सिंह • सीएसए

# सीएसए में 57 दैनिक श्रमिकों को मिली स्थायी नौकरी

कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नव वर्ष पर 57 दैनिक श्रमिकों को स्थायी रूप से नौकरी मिल गई। ये वे श्रमिक हैं, जो विश्वविद्यालय के विभिन्न खेतों व विभागों में वर्षों से अस्थायी तौर पर नौकरी कर रहे थे। शुक्रवार को कुलपति डा. डीआर सिंह ने उन्हें चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए नियुक्ति पत्र दिए तो कई कर्मचारियों की आंखों में खुशी से आंसू आ गए। निदेशक प्रसार डा. एके सिंह, निदेशक प्रशासन एवं मानीटरिंग डा. नौशाद खान व मीडिया प्रभारी डा. खलील खान रहे। जासं

अमर उजाला कानपुर 06/01/2023

# सीएसए में श्रमिकों का विनियमितीकरण

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नव वर्ष पर 57 दैनिक श्रमिकों का विनियमितीकरण किया गया है। शुक्रवार को कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने उन्हें चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए नियुक्ति पत्र दिए। इस दौरान संपत्ति व प्रशासनिक अधिकारी मानवेंद्र सिंह, डॉ. एके सिंह, डॉ. नौशाद खान, मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान मौजूद रहे। (ब्यूरो)

# चंद्रशेखर कृषक समिति ने किया कुलपति का अभिनंदन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कृषक समिति की बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने कुलपति डॉ. डीआर सिंह का अभिनंदन किया। समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह ने कहा कि कुलपति ने तीन वर्ष के कार्यकाल में कई योजनाएं चलाईं, जिससे कई किसानों की आय दोगुनी हुई। कार्यक्रम में सरसौल ब्लॉक प्रमुख डॉ. विजय रत्ना तोमर, निदेशक शोध डॉ. करम हुसैन, डॉ. महक सिंह, डॉ. पीके राठी आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# 57 दैनिक श्रमिकों का किया विनियमितीकरण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

प्रदीप शर्मा

नव वर्ष के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह के द्वारा नेक पहल करते हुए 57 दैनिक श्रमिकों का विनियमितीकरण किया गया। इन 57 दैनिक श्रमिकों के चतुर्थ श्रेणी के पदों पर विनियमितीकरण के लिए कुलपति ने पत्र दिए हैं। कुलपति ने सभी विनियमितीकरण कार्मिकों को संबोधित करते हुए उन्हें नए विचारों, नई अवधारणाओं और दृष्टिकोण को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्मिकों को वरिष्ठो की सहभागिता के महत्व के बारे में बताते हुए सर्वश्रेष्ठ अनुभवों को आत्मसात करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर निदेशक प्रसार डॉ. ए. के. सिंह , निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग डॉ.नौशाद खान, डॉ.खलील खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह का गुरुवार को



प्रसार निदेशालय के सभागार में चंद्रशेखर कृषक समिति द्वारा अभिनंदन समारोह किया गया। इस अवसर पर कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह ने कहा कि कुलपति ने अपने 3 वर्षों के कार्यकाल के दौरान कृषक हितेषी कई योजनाएं चलाई हैं। जिससे कई किसानों की आय मे बढ़ोत्तरी हुई है।

इस अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में कृषकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं वैज्ञानिक कृषकों एवं छात्र छात्राओं के लिए कार्य करते रहेंगे। अभिनंदन समारोह में कुलपति का स्वागत निदेशक प्रसार डॉ.ए.के.सिंह ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया।

हिंदुस्तान कानपुर 06/01/2023

शहर 30s

# 57 श्रमिक रेगुलर, नियुक्ति पत्र मिले

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने गुरुवार को विश्वविद्यालय के 57 दैनिक श्रमिकों को चतुर्थ श्रेणी के पदों पर विनियमित किया। कुलपति ने इन्हें नियुक्ति पत्र भी दिए। संपत्ति एवं प्रशासनिक अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि कुलपति के स्तर से निर्णय के बाद इनको विनियमित किया गया है। निदेशक प्रसार डॉ.एके सिंह, निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग डॉ.नौशाद खान रहे।